## रामनगर कच्ची दरगाह रिंग रोड को जोड़ेगी सड़क, आवागमन में होगी सहूलियत

# सुविधा: दनियावां से रामनगर के बीच बनेगी चार लेन की सड़क

पटना, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि। पटना के दनियांवा से रामनगर के बीच 7.65 किमी लंबे टू-लेन सड़क का फोरलेन किया जाएगा। निर्माण को लेकर प्रस्ताव और प्राक्कलन तैयार कर विभाग को भेज दिया गया है। दनियांवा-रामनगर सड़क बिहटा-सरमेरा एसएच-78 का पार्ट है। इसका चौड़ीकरण होना है।

यह सड़क रामनगर से कच्ची दरगाह और कच्ची दरगाह से विदुपुर के बीच बनने वाले पटना रिंग रोड से भी जुड़ेगी। इससे फतुहा, संपतचक, गौरीचक, बेलदारीचक सहित अन्य जगहों पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी।

**पटना रिंग रोड से दनियावां होते हुए बिहारशरीफ जाने में होगी सुविधा**

दनियावां से रामनगर के बीच फोरलेन और छह लेन पटना रिंग रोड का निर्माण होने के बाद लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। पटना के लोग सीधे रिंग रोड से रामनगर-दनियावां होते हुए एनएच-30ए जा सकेंगे। जो दनियावां से माधोपुर, चंडी होते हुए बिहार शरीफ को जाती है। इस मार्ग से लोग शेखपुरा, जमुई होते हुए झारखंड को भी जा सकते हैं। इतना ही नहीं सड़क के चौड़ीकरण होने और रिंग रोड बनने के बाद पटना शहर से सटे इलाकों में लगने वाले जाम से भी लोगों को छुटकारा मिलेगा। जिस कारण काफी कम समय में लोग दूरी तय कर सकेंगे।



**7.65** किमी लंबी सड़क को दो से किया जाएगा चार लेन

- बिहटा-सरमेरा एसएच-78 का हिस्सा है यह सड़क इसका चौड़ीकरण होना है
- फतुहा, संपतचक, गौरीचक, बेलदारीचक में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी

### हजारों की आबादी को होगा फोरलेन बनने से फायदा

दनियावां से रामनगर के बीच सड़क का चौड़ीकरण कर फोरलेन बनाने के बाद हजारों की आबादी को फायदा होगा। इसके साथ ही लोगों को आवागमन करने में भी सुविधा होगी। वर्तमान में इस सड़क पर यातायात का दबाव अधिक नहीं है, लेकिन रिंग रोड बनने के बाद यातायात का दबाव बहुत अधिक बढ़ जाएगा।